पत्र संख्या–1 / स्था0 (21) 26 / 2026–....................... /

**बिहार सरकार**

**डयेरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग**

प्रेषक,

नीरज कुमार देवनाथ,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– / 2026

विषय :– **डॉ0 महेन्द्र पासवान, तदेन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, शिवहर सम्प्रति पशु शल्य चिकित्सक, मुजफ्फरपुर का दिनांक–15.02.2005 (एक दिन) का सेवा विनियमन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय अधिसूचना संख्या–106–सह–पठित ज्ञापांक–107, दिनांक–01.02.2005 के द्वारा डॉ0 महेन्द्र पासवान को भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, शिवहर के पद पर पदस्थापित किया गया।

2. डॉ0 पासवान द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी, सीतामढ़ी के कार्यालय में दिनांक–15.02.2005 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किया गया, जिसके पश्चात जिला पशुपालन पदाधिकारी, सीतामढ़ी के आदेश ज्ञापांक–90, दिनांक–15.02.2005 के द्वारा भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, शिवहर के पद का प्रभार ग्रहण करने का निदेश दिया गया।

3. उक्त निदेश के आलोक में डॉ0 पासवान द्वारा दिनांक–16.02.2005 के पूर्वाह्न में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, शिवहर का प्रभार ग्रहण किया गया।

4. वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रभार ग्रहण की तिथि को ही योगदान की तिथि मानते हुए दिनांक–16.02.2005 से डॉ0 पासवान का वेतन पुर्जा निर्गत किया गया।

5. चूँकि डॉ0 पासवान विभागीय अधिसूचना संख्या–106–सह–पठित ज्ञापांक–107, दिनांक–01.02.2005 के आलोक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, सीतामढ़ी के कार्यालय में दिनांक–15.02.2005 के पूर्वाह्न में अपना योगदान समर्पित कर चुके थें।

6. अतएव डॉ0 महेन्द्र पासवान, तदेन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, शिवहर सम्प्रति पशु शल्य चिकित्सक, मुजफ्फरपुर का दिनांक–15.02.2005 (एक दिन) का प्रभार रहित अवधि को असाधारण अवकाश के रूप में विनियमित किया जाता है।

7. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0 /–

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–1/स्था0 (21) 26/2026–......................../पटना–15, दिनांक–........................../2026**

**प्रतिलिपिः**–सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना/क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, उत्तर बिहार क्षेत्र, मुजफ्फरपुर/जिला पशुपालन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/सीतामढ़ी/कोषागार पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी/डॉ0 महेन्द्र पासवान, पशु शल्य चिकित्सक, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक–1/स्था0 (21) 26/2026–**4258**/पटना–15, दिनांक–**10/08**/2026**

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 प्रबंधक, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10.8.26

**सरकार के अवर सचिव।**